Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to take steps to aware the farmers about the financial aid to be given to them to promote organic farming, animal husbandry.

श्री वीरेन्द्र सिंह (बलिया): अध्यक्ष महोदय, आजादी के बाद प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व में और उनके व्यक्तिगत फैसले से किसानों की समृद्धि के लिए जो योजना बनाई गई है, उस तरह की योजना अभी तक किसी सरकार ने नहीं बनाई है । मैं वर्ष 1991 से इस संसद में हूं, इसलिए इस बात को ठीक से जानता हूं । किसानों के बारे में जो चर्चा लोक सभा अध्यक्ष के नाते आपने जितनी चिन्ता और उत्सुकता से कराई, उतनी चर्चा और चिंता इस सदन में इससे पहले कभी नहीं हुई थी ।

महोदय, मैं आपका ध्यान एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय की ओर दिलाना चाहता हूं । भारत सरकार के प्रधान मंत्री जी ने दलहन और तिलहन योजना में मिशन बनाकर भारत के किसानों को तिलहन और दलहन की खेती हेतु प्रोत्साहन राशि देने का फैसला किया है । गंगा के किनारे 5 किलोमीटर के दायरे में ऑर्गेनिक खेती करने की योजना बनाई गई है और किसानों को प्रोत्साहन देने का भी फैसला किया गया है, लेकिन इन योजनाओं की जानकारी किसानों को न होने के कारण बहुत-से किसान उसके लाभार्थी नहीं हो पाते हैं । मैं आपके माध्यम से भारत सरकार और इस सदन से यह निवेदन करना चाहता हूं कि देश के हर विकास खंड स्तर पर अधिकारियों की जवाबदेही और जिम्मेदारी तय की जाए, ताकि वे किसानों को जानकारी दें और उन्हें लाभार्थी बनाएं ।

महोदय, किसानों की आर्थिक समृद्धि के लिए यह सबसे बड़ा आधार हो सकता है । ग्रामीण विकास मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं । मैं इनसे तथा भारत के प्रधान मेंत्री जी से निवेदन करूंगा कि राज्य सरकारों को ऑर्गेनिक खेती करने के लिए और दलहन, तिलहन खेती के मिशन को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन राशि सब्जी, फल की खेती करने हेतु 5 हजार रुपये बीघा किसानों को दी जा रही है । पशुधन को बढ़ाने के लिए पशुपालन हेतु प्रोत्साहन राशि भारत सरकार की तरफ

से दी जा रही है, लेकिन इस बात की जानकारी किसानों तक न पहुंच पाने के कारण किसान बहुत लाभ नहीं ले पा रहे हैं । आप इसकी चिंता जरूर करें, मेरी आपसे यही प्रार्थना है ।